ओ३म्

शुद्धि-संस्कार-पद्धति

लेखकः—

श्री स्वामी चिदानन्द संन्यासी

प्रकाशकः-

भारतीय हिन्दू-शुद्धि सभा, दिल्ली।

ज्येष्ठ सम्वत् १९८१ वि०
सृष्टि सं० १९७२९४९०२८

मूल्य
चार आना

* ओ३म् *

शुद्धि-संस्कार-पद्धति

लेखकः—

श्री स्वामी चिदानन्द संन्यासी

ने

वेद शास्त्रानुकूल आर्य भाषा में

निर्मित की ।

प्रकाशकः—

भारतीय हिन्दू-शुद्धि सभा दिल्ली ।

प्रथमबार ४०००	ज्येष्ठ सम्वत् १९८५ वि० सृष्टि सं० १९७२९४९०२८	मूल्य चार आना

प्रकाशकः—
भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा
श्रद्धानन्द बाज़ार, दिल्ली।



मुद्रकः—
बा० कृष्णानन्द जी के प्रबन्ध से
श्रद्धानन्द प्रेस दिल्ली में छपा।

शुद्धि—पत्र

प्रेस कर्मचारियों की असावधानता से इस पद्धति में कहीं २ पर अशुद्धियें रहगई हैं इसलिये पाठक महोदय निम्न प्रकार शोध कर पढ़ें।

पृष्ठसंख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७	१९	शान्ति थी	वन सकी थी
८	२४	ईश्व भक्त	ईश्वर भक्त
९	६	१५०	२५००
,,	७	२५०	२५००
१३	३	स से	से
१५	१०	बद्धि	वृद्धि
२१	१२	देशकालानुसर	देशकालानुसार
२२	१८	सामग्रो	सामग्री
२३	२	कपर कचरी	कपूर कचरी
२५	१०	निष्क्रलि	निष्कृति
२६	१६	ने	न
,,	२२	शुद्धि	शुद्धि
२७	९	ब्रह्मतेन्	ब्रह्म तेन
२८	९	प्रकश सील	प्रकाश शील
२९	२	प्राथीना	प्रार्थना
,,	९	सत्य	सत्यं
,,	११	शुद्धि	शुद्ध
,,	१९	सस्पर्श	स्पर्श

पृष्ठसंख्या	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३०	२	नसोमें	नसोमें
,,	६	जघोयें	जंघायें
,,	१२	चाहियें थे	चाहियें
,,	१७	शुद्धयर्थी	शुद्ध्यर्थी
३१	५	मांग सादि	मांसादि
,,	११	योलूंगा	बोलूंगा
,,	२१	देवीरभिष्टये	देवीरभिष्टय
,,	२३	शुध्यर्थी	शुद्ध्यर्थी
३२	१६	मखला	मेखला
३५	१०	स्वस्तिभि	स्वस्तिभिः
३८	११	याच	याच।
३९	३	सुव्रताः	सुव्रतः
४६	१७	दारद्र	दरिद्र
४७	५	बायो	धायो
४८	९	प्रमात्मन्	परमात्मन्
५३	५	द्दष्टी	द्दष्टि
५४	१२	वरणेयमू	वरेण्यम्
,,	१४	धीमही	धीमहि
,,	१८	जधिक	अधिक
,,	२३	शंकल्प	सङ्कल्प
५८	१	ऽपानाया	ऽपानाय
५९	२	शान्तिः ब्रह्म	शान्तिर्ब्रह्म

॥ ओ३म् ॥

प्रस्तावना

शुद्धि-रसायन

'रसायन' आयुर्वेद शास्त्र में-ऐसी चमत्कारक वस्तु का नाम है, जिससे जरा और मृत्यु का नाश हो "रसायनन्तु तद्द्रव्यं यज्जरा मृत्यु नाशनम् ।" वैद्य लोग बुढ़ापे में और मरणोन्मुखअवस्था में रसायन औषधियों का प्रयोग किया करते हैं। यदि वैद्य पूरा अनुभवी हो और औषध अच्छी प्रकार तैयार की हुई हो, दैव अनुकूल हो तो निःसन्देह लाभ होता है, और प्रयोक्ताका कार्य सफल होता है। जैसे शारीरिक रोगी के लिये अच्छे चिकित्सक की आवश्यकता है वैसे ही मानसिक रोगी के लिये शुद्ध सत्व प्रधान धर्म की आवश्यकता है। व्यक्ति के तुल्य जाति पर भी रोगों का आक्रमण हुआ करता है। रोग के विषय में उपेक्षा या प्रमाद करना सर्वथा अनुचित है। रोग की प्रारम्भावस्था में ही उसका उचित उपचार या प्रतीकार करना चाहिए। क्योंकि-

उत्तिष्ठमानस्तु परो नोपेक्ष्यः पथ्यमिच्छता ।
समौ हि शिष्टैराम्नातौ वर्त्स्यन्तावामयःसच ॥

"समझदार आदमी को चाहिए कि बढ़ते हुए रोग और शत्रु की उपेक्षा न करे क्योंकि रोग और शत्रु शिष्ट लोगों ने बराबर ही बतलाये हैं।" यदि प्रारम्भावस्था में

प्रतीकार न किया जाय तो रोग और शत्रु बढ़कर बड़े भयानक हो जाते हैं यह सर्व सम्मत बात है।

आर्य (हिन्दू) जाति उपर्युक्त दोनों प्रकार के रोगों से चिरकाल से आक्रान्त है। बाल विवाहादि दुष्कर्मों से इसकी शारिरिक निर्बलता बढ़ी है। बाल विवाहादि ऐसे कृत्य हैं जो हिन्दू जाति के अज्ञान की दुन्दुभि बजा रहे हैं। अज्ञान का मानसिकरोग, प्रमाद, आलस्य, उपेक्षादि महान् रोगों की जड़ है हिन्दू जाति इस घोर आक्रमण से तितर बितर हो गई है, चिरकाल से इस महारोग में ग्रस्त होकर डकरा रही है। "दैवो दुर्बल घातकः" दुर्बल का दैव भी सहायक नहीं होता। "दुर्बलता में दुष्ट लोग दबाया करते हैं" इसी नीति के अनुसार हिन्दू जाति का चिरकाल से अधःपतन हो रहा है, ठोकरों पर ठोकरें लग रही हैं, परन्तु इतनी दुर्दशा होने पर भी अज्ञानावस्थामें पड़ी २ खुर्राटे ले रही है। परमात्मा की अपार दया से शास्त्रज्ञान का अमृतघट लेकर एक सद्वैद्य उपस्थित हुआ, उसने हिन्दू जाति की नाड़ी की परीक्षा करके रोग का निदान किया और प्रयोग निर्धारित किया। रोगी को दुर्बल देखकर विधर्मी लोग लूट मचाते थे, रुग्ण भारत के बालक और देवियों का खुले मैदान अपहरण होता था, दानवों का सोल्लास ताण्डवनृत्य हो रहा था; रात अन्धेरी थी, रोगी का कोई उपचारक भी न था—बड़ी विकट समस्या थी, ऐसे दुःसमय में धैर्य पूर्वक चिकित्सा करना बड़ा कठिन काम था परन्तु दयावशंवद होकर आनन्दके साथ प्रयोग निश्चय

कर ही दिया। नुसखा सचमुच "रसायन" निकला, इस नुसखे में अनेक वस्तुओं का मेल था—यथा—

(१) बाल विवाह का काला मुंह, मात्रा १६. (२) सम्प्रदाय भेद और जाति भेद को तिलांजलि, मात्रा १६. (३) अछूतोद्धार मात्रा १६. (४) हिन्दू संगठन, मात्रा १६. (५) बाल विधवाओं का पुनर्लग्न, मात्रा १६. (६) वेदरक्षा और ईश्वर भक्ति, मात्रा १६. (७) गोसेवा, गोरक्षा, गोवधबन्द, मात्रा १६. (८) परस्पर सहानुभूति और प्रेम, मात्रा १६. इत्यादि कितने ही प्रधान अङ्ग इस क्षयरोगहारी नुसखे में मौजूद थे, परन्तु इन सबसे तिगुनी मात्रा पतितपावनी 'शुद्धि' की थी।

कहिये पाठक! कैसा अच्छा नुसखा था! आप जानते हैं इस प्रयोग का प्रयोजक सद्वैद्य कौन था? वही देवियों और अनाथों का रक्षक आदित्य-ब्रह्मचारी दया-निधि स्वामी दयानन्द सरस्वती।

प्रयोग की तीव्रता देख कर रोगी चकराया परन्तु उसकी उपयोगिता के समक्ष उसे शिर झुकाना पड़ा। जीवन के लिये इससे अच्छा कोई नुसखा था ही नहीं। संकुचित दृष्टि-अदूरदर्शी-कुछ वैद्याभासों (भोले सनातनी पण्डित आदिकों) ने प्रारम्भावस्था में विरोध जरूर किया परन्तु अन्त में सब मान गये और यतिराज की विजय ध्वजा फहरा गई। समय पाकर सब उनके निर्दिष्ट मार्ग के पथिक बने—सनातनधर्मी और आर्य समाजी सब. शुद्धि-यज्ञ की वेदी पर विराजमान हुए।

पाचकवृन्द ! आप जानते हैं कि यदि बीमार की तीमारदारी या उपचार पूरा २ न हो, पथ्य सेवन न हो तो बीमार को लाभ नहीं होता। उपचार ठीक रीति से वही कर सकता है जो रोगी का पूरा हितैषी होकर स्वयं कष्ट उठाने को तैयार हो; उपचार करना वस्तुतः बड़ा कठिन है सही, पर परमात्मा के अटूट भण्डार में किसी प्रकार की कमी नहीं, लग्नसे काम करने पर कार्यमें सफलता हो ही जाती है। उपचार करने के लिये जब स्वामी जी को अपेक्षा हुई तो उनके परमभक्त धर्मवीर पण्डित लेखराम जी मिल गये। उन जैसा उपचारक मिल भी नहीं सकता था। इस बात का वर्णन स्वर्गीय श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने उनका जीवन चरित्र लिखते हुए किया है। पण्डित जी शुद्धि के प्रथम कार्यकर्ता थे—

"क्रियेत चेत्साधुविभक्ति चिन्ता व्यक्तिस्तदासा प्रथमाभिधेया"—

वे लुटेरों को साथ २ सप्रमाण ललकारते भी थे। यह बात उनके कार्यकलाप और "कुलियात आर्य मुसाफ़िर" से प्रकट होती है। जिस समय एक पापिष्ठ नराधम नारकी यवन की छुरी से अमरगति को प्राप्त हुए वह समय सचमुच बड़ा चमत्कारक था। इस ब्रह्महत्या ने कायरों को वीर बना दिया, मौत के भय को हटा दिया। पण्डित लेखराम जी आर्यमुसाफ़िर, ऋषि के आदेशानुसार सब ही वैदिक धर्मों का प्रचार करते थे, परन्तु शुद्धि की ओर उन का विशेष लक्ष्य था। जब कोई सज्जन उन से

प्रश्न करता कि पण्डित जी ! मुक्ति का साधन बताइये? तो वे बड़े प्रेम से उत्तर दिया करते थे कि "मुसलमान को शुद्ध करना ही मुक्ति का साधन है" फिर यदि उन से प्रश्न किया जाता कि मुसलमान को शुद्ध करने मात्र से क्योंकर मुक्ति हो जाती है तो वे बड़ा लम्बा चौड़ा उत्तर देकर, महर्षि दयानन्द सरस्वती ने "गोकरुणानिधि" में जिस प्रकार हिसाब लगाकर समझाया है, उसी प्रकार हिसाब लगाकर समझाया करते थे कि एक मुसलमान के शुद्ध करने से अमुक प्रकार वैतरणी नदी के पार हो जावेगे। यह हिसाब शुद्धि समाचार के कार्तिक पूर्णिमा सं० १९८४ वि० 'शुद्धि का सन्देश सुनो !' इस लेख से ठीक समझ में आसकेगा। इसी बात को श्री पं० देवी दत्त जी ने इस प्रकार लिखा है।

"यदि एक ईसाई अथवा मुसलमान एक पाव दोपहर और एक पाव सांझ को गोमांस खाता है, तब एक दिन में आध सेर मांस का हिसाब हो गया। और तीस दिन में तीस अधसेरा जिस के १५ सेर होते हैं अर्थात् एक बछिया एक माह में खा गया यदि वह १२ महीना जीवित रहा तब तो १२ बछिया खा गया अर्थात् जो अपनी अवस्था में पूर्णगो हुक्ती थी। यदि वह ५० वर्ष जिन्दा रहा और केवल २५ वर्ष ही मांस भक्षण किया तो २५×१२ कुल ३०० गौवें जो कि एक गोशाला के बराबर होती हैं, हज़म कर गया। यदि ऐसे मांसाहारी को कोई हिन्दू शुद्ध करके मिला लेवे और मांस खाना छुड़ा देवे तो तीन सौ गौवों की वैतरणी की और पुण्य पृथक् लूटा जो एक गोशाला के बराबर होता है।

इन गौवों में से एक तिहाई बिया जावें और निम्न लिखित हिसाब से दुग्ध देऐं तो कितना उपकार मनुष्यों का हो सकता है। यदि एक गौ तीन-तीन पाव सायं प्रातः दूध देती रहे तो डेढ़ सेर प्रतिदिन के हिसाब से ३० दिन का ४५ सेर दूध हुआ जिसके ४५ सेर अर्थात् एक माह में ९ पसेरी दूध हो गया। यदि वही गाय १२ माह इसी भान्ति दूध देती रहे तो १२ नवां १०८ पसेरी हुआ जिसका १३॥ मन दूध होता है। यदि अपनी ज़िन्दगी में वही गाय १० बार बियो जावे, तब तो इसी हिसाब से १० वर्ष का दूध १३५ मन हुआ। निदान सौ गौवों का दूध १३५०० मन हो गया। अब प्रति मनुष्य को एक सेरके हिसाब से दूध बांटा जावे तो ५४०००० मनुष्यों का पेट पोषण हो गया। अब इस दूध में से घृत निकाल कर बेंचः जावे अथवा भाई बिरादरी या साधु ब्राह्मणों को खीर पूरी खिलाई जावे अथवा इस घृत से हवन, यज्ञ या श्राद्ध करो तो कितना भारी पुण्य हुआ जिससे कि ईश्वर और देवता तथा पितर प्रसन्न होते हैं प्रत्युत हवन की सुगन्धित वायु में फैल कर रोगों को नष्ट कर देता है और प्राणी मात्र का दुःख दूर हो जाता है। सुगन्धि के फैलने से सुन्दर बादल बनते हैं उनसे जो वर्षा होती है वह उत्तम और रोगनाशक जल होता है। उत्तम जल से उत्तम और बलवर्धक औषधियाँ और अन्न उत्पन्न होता है। जिस के खाने से नीरोग वीर्य बनता है, जिससे सुन्दर, रोगरहित, बलिष्ठ, तेजस्वी, धर्मात्मा माता पिता के आज्ञाकारी, ईश्वरभक्त और देशभक्त तथा ब्रह्मचारी सन्तानें उत्पन्न होती हैं। जैसा कि मनु जी कहते हैंः—

अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टि वृष्टेरन्नं ततःप्रजा ॥ मनु ।

इसी भांति एक गौ अपनी आयु भर में पांच बछिया देवे तो उसके दूध का हिसाब जोड़ा—दूध की संख्या कितनी बढ़ जावेगी । और यदि पांच बछड़े देवे तब तो सौ गौवों के ५०० बैल हो गए जिन से २५०० बीघा ज़मीन जोती जा सकती है । यदि प्रति बीघा ४ मन अन्न पैदा होवे तो २५०० बीघा का १०००० मन हुआ । अब प्रति व्यक्ति का एक सेर के हिसाब से बांटा जावे तो लाख (४०००००) मनुष्यों का उदर पोषण होता है (अस्तु, दूध और अन्न जो गाय और बैलों से उत्पन्न किया गया, उस सब से एक सेर प्रति मनुष्य के हिसाब से बांटा जावे तो ९४०००० (नौ लाख चालीस हज़ार) मनुष्यों का उदर पोषण होता है । इस के अतिरिक्त एक गाय के गोबर से प्रति दिन पैसे के कण्डे प्राप्त हो जावें तो ३०० गौओं के कण्डे का मूल्य प्रतिदिन ४॥=) हुए । और इस हिसाब से एक माह के १४०॥=) हुए और एक साल की कण्डे की कीमत १६८८) हुए । इसी भान्ति गौवों के मूत्र और गोबर की पांस बनाकर खेत में डाली जावे तो पृथ्वी की उबरी शक्ति बढ़ जावेगी और अन्न की उत्पत्ति भी बहुत होगी ।

निदान एक गाय का मारना ९४०००० मनुष्यों को मार डालने के तुल्य है और एक गोहत्यारे को शुद्ध करके मिला लेना ९४०००० मनुष्यों का जीवनदान देने के तुल्य हो पुण्य का भागी बनना है ।"

पाठक गण ! धर्मवीर पण्डित लेखराम ने जिस शुद्धि वृक्ष को अपने रक्तसे सींचा, वह कभी फूले फलेगी नहीं, ऐसा नहीं होसकता था। 'जो गलता है वह फलता है' इस उक्ति के अनुसार उसका फलना आवश्यक था। हिंदू-सनातन धर्म की बड़ी २ सभाओं मे शुद्धि के प्रस्ताव होने लगे; (देखिये 'शुद्धि व्यवस्था' नामक पुस्तक जिसको 'भारतीय हिंदू शुद्धि सभा-दिल्ली' ने प्रकाशित कराया है)

उपर्युल्लिखित शुद्धि व्यवस्था नामक पुस्तक के पढ़ने से विदित होगा कि पण्डित लेखराम जी का बलिदान कितना प्रभावोत्पादक था ! उधर सनातन धर्मियों में शुद्धि के लिये तभी से सद्भाव पैदा होगए थे इधर आर्यसमाज की दोनों पार्टियें (गुरुकुल विभाग और कालिज विभाग) इस विषय में लगातार काम करने लगीं--ज़ोर से कार्य में संलग्नता के कारण अर्थात् अछूतोद्धार में विशेषभाग लेने के कारण काश्मीर में बा. रामचन्द्र जी नवयुवक का क़त्ल हुआ इस क़त्ल से आर्य समाज को क्षति ज़रूर पहुँची पर बा. रामचन्द्र का चलाया हुआ कार्य दुगुने उत्साह के साथ शुरु होगया काश्मीर मे इस से बड़ी सफलता हुई और हो रही है। इस अन्तर में अन्यान्य आर्य भाइयों को अनेक कष्टों का मुक़ाबला करना पड़ा पर वे घबडाये नहीं सोने को अग्नि मे डालने से अधिक चमक आजाती है। आर्यसमाज की यह अग्नि परीक्षा बड़ी आकर्षक सिद्ध हुई—समस्त हिंदू सम्प्रदायको शनैः२ यह बोध होगया कि मरणान्मुखी हिंदू जनता के लिये 'शुद्धि रसायन है' और जो हिंदू संगठन के लिये

राम बाण है मुसलमान जैसी क्रूर जाति और हज़रत ईसा के चलायेहुए चक्र से बचने का भीयही एक उपायहै।

पुनरुत्थान

तपश्चर्या का फल ज़रूर होता है--चाहे कुछ काल बाद ही हो उसकी अवश्यंभाविता में सन्देह नहीं। महानुभाव के तप का फल कुछ काल बाद यह हुआ कि "राजपूत क्षत्रिय महा सभा--आगरा" के महाधिवेशन में 'शुद्धि' का प्रयोग में लाना—सर्व सम्मति से पास होगया। "मलकाने" राजपूतों के भाग जागे--"मलकाने" राजपूत, पुराने समय में जाति बहिष्कृत होकर कुछ२ मुसलमानी व्यवहार करने लग गये थे इन लोगों की धड़ाधड़ शुद्धियां सहस्त्रों की संख्या में हुईं और वृन्दावन में सुप्रसिद्ध क्षत्रिय महानुभावों के साथ मलकाने क्षत्रियों का सहभोज या प्रीतिभोज हुआ जिसमें राजाधिराज सरनाहरसिंह जी वर्मा के. सी. आई. ई. शाहपुराधीश, सर राजा रामपालसिंहजी के. सी. आई. ई. कुर्री सदौली नरेश. राजा गोपाल राव साहब—खरवा नरेश प्रभृति महानुभाव सम्मिलित हुए।

एक महाशक्ति

मलकानों की शुद्धि की तह में एक और पवित्र शक्ति का हाथ था--जिससे यह यज्ञ निर्विघ्न समाप्त होते चले गए। बीच२ में यद्यपि दैत्यों ने दल बांधरकर यज्ञ विध्वंस करने का घोर प्रयत्न किया परन्तु प्रकाश ने अन्धकार पर विजय प्राप्त की -- शत्रुओं के सब प्रयत्न व्यर्थ सिद्ध हुए।

यह शक्ति आर्य-समाज और भारतीय हिंदू शुद्धि सभा की प्राण स्वरूप थी। शरीर में जो सम्बन्ध प्राण का है वही सम्बन्ध शुद्धि सभा के साथ इस दैवी शक्ति का था। इस महाशक्ति का नाम था श्री स्वामी श्रद्धानन्द संन्यासी। पंडित लेखराम जी के खून से सींचा हुआ शुद्धि बीज, बाबू रामचन्द्र आदि के स्वरूप में अंकुरित हुआ। श्री स्वामी-श्रद्धानन्द जीका व्यक्तित्व बड़ा महत्व पूर्ण था उसकी धाक साधारण और असाधारण सब पर थी। स्वामी जी न केवल आर्य जाति के ही अपितु हिंदु जाति के भी लीडर थे, यही कारण था कि वे सबके आदरणीय थे। राजनैतिक क्षेत्र और धार्मिक क्षेत्र दोनों में उनका गहरा प्रभाव था--वे वृद्ध होकर भी युवाओं से अत्यधिक काम करते थे--इनकी गुणावलि से दानव लोग दहल गए। दानवों ने सोचा कि "यह नक्षत्र अस्त होजाय तो रोजे रखे जांय—मुहम्मद की वाटिका हरी भरी रहे अन्यथा यह उजड जायगी। यह देखो-- मुहम्मद की वाटिका उजड रही है --हाय--हमसे कुछ नहीं करते धरते बनता, और स्वामी श्रद्धानन्द रूप में पुष्पित और फलान्वित होगया। धिक्कार है-लानत है-डूबमरो, मुसलमानों! तुम्हारे बुज़ुर्ग ऐसे थे-वैसे थे, उन्होंने यह किया-वह किया बस, ऐसी ही दानवसंघ की कुकल्पनायें होगईं-जिनके प्रचार से अज्ञ मुसलमानों की मनोवृतियां दूषित होने लगीं--जिनका उनके हक में दुष्परिणाम यह हुआ कि वृद्ध तपस्वी स्वामी श्रद्धानन्द जी को उनके समूलोन्मूलनार्थ "स्वर्गारोहण" करना पड़ा। स्वामी जी के सहसावियोग से उनके असंख्य भक्तों को असह्य दुःख जरूर हुआ परन्तु उन्हें 'अमरत्व

प्राप्ति के कारण कथञ्चित् धैर्य धारण करना पड़ा। दानवों ने तो सोचा था कि स्वामी जी का बलिदान होने से--उनके क़त्ल करने से मुहम्मदी वाटिका उजड़ने से स बच जायगी पर परिणाम उलटा हुआ--जो शुद्धि के विषय में सशंक थे वे भी कमरकस कर ललकारते हुए उठ खड़े हुए और धड़ाधड़ शुद्धि करने लगे। इन शुद्धियों का वृन्तात पाठक जानना चाहें तो भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा के मुख्य पत्र "शुद्धि-समाचार" मासिक पत्र को पढ़ने की कृपा करें जिसका मूल्य सर्वसाधारण से २ रुपया वार्षिक लिया जाता है। इसी "शुद्धि समाचार" पत्र में बहुत सी शुद्धि विषयक ज्ञातव्य बातों का समावेश रहता है। अस्तु—

शुद्धि-संस्कार पद्धति को क्यों मुद्रित किया गया है इसके कई कारण है। जिन में—

पहिला कारण—सं० १९२३ ई० से बहुत से आर्य-हिन्दू सज्जन यह लिख रहे थे कि शुद्धि-संस्कार-पद्धति, स्वतन्त्र रूपेण पृथक् ही बनाई जाये। जिसे देख कर सर्व साधारण जन अनायासही 'शुद्धि संस्कार' करा सकें।

दूसरा कारण—शुद्धि संस्कार कराने के लिये पृथक् पद्धति न होने से जहां शुद्धि-संस्कार करने वाले को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता था—वहां पर कई अवस्थाओं में शुद्धि-पद्धति के भिन्न२ होने से शुद्ध-कार्य में भी भारी विघ्न उपस्थित होते थे।

तीसरा कारण—शुद्धि-संस्कार-पद्धति, के पृथक् न होने से प्रायः ऐसी कई घटनायें उपस्थित हुई हैं कि शुद्धि-

संस्कार कराने के लिये कई सज्जन बड़ी २ दूर से शुद्ध होने वाले व्यक्तियों को साथ लेकर शुद्ध कराने के लिये अनेक कष्ट सहकर शुद्धि सभा के कार्यालय में शुद्धि कराने आये। यदि उनके पास 'शुद्धि-संस्कार पद्धति' होती-तो उनको इस प्रकार धन और समय का अपव्यय करके कष्ट उठाना न पड़ता।

चौथा कारण—हमारे पास बहुत स्थानों से कई सज्जनों की ऐसी सूचना भी आई हैं कि शुद्ध होने के लिये लोग उन के पास गये और उन्होंने 'शुद्धि-संस्कार-पद्धति' से अन-भिज्ञ होने के कारण उन्हें उत्तर दे दिया कि हम शुद्धि करना नहीं जानते, इस लिये तुम्हें शुद्ध नहीं कर सकते। इस कमी के कारण बहुत से शुद्धि-प्रार्थी पवित्र आर्य-हिन्दू धर्म से वञ्चित रह गये और निराश होकर वापिस अपने घरों को लौट गये।

इन सब बातों को सन्मुख रखते हुये हमने निश्चय किया कि जब तक कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ इस सम्बन्ध में न लिखा जावे तब तक सर्व साधारण के हितार्थ संक्षिप्त किन्तु प्रामा-णिक और आवश्यक 'शुद्धि-संस्कार पद्धति' प्रकाशित कर देनी चाहिये। इस लिये मैंने गत सं० १९२७ ई० के अप्रैल मास के 'शुद्धि-समाचार' में इस पद्धति के मुद्रित करने की घोषणा प्रकाशित कर दी। किन्तु 'शुद्धि-सभा और शुद्धि-समाचार का काम इतना बढ़ गया कि मुझे सभा के आव-श्यक कार्यार्थ बार २ 'सिन्ध' बिहार और यू० पी० का दौरा करना पड़ा--और इस पद्धति को पूर्ण करने का अवकाश न मिलसका और पुस्तक अधूरी ही प्रेस में पड़ी रही।

अब जब कि मैंने अपने अस्वस्थ होने पर दौरा बन्द कर दिया है तो मुझे इसको पूर्ण करने का कुछ अवकाश मिल गया और बिमारी की अवस्था में ही इसे पूर्ण कर रहा हूं।

इस 'शुद्धि-संस्कार पद्धति' में जो विशेष सन्निवेशनीय हो उसके लिये विद्वद्गण मुझे सूचना देने की कृपा करेंगे तो द्वितीयावृत्ति में धन्यवाद पुरस्सर सन्निविष्ट कर दिया जावेगा।

१० मई सन् १९२८ ई०	सब का हित चिन्तक
ज्येष्ठ वदि ५ सं० १९८५ वि०	— चिदानन्द संन्यासी
शुक्र वार	



॥ ओ३म् ॥

॥ परमात्मने नमः ॥

अथ शुद्धि-संस्कार पद्धति प्रारम्भ

ओं उत देवा अवहितं देवा उन्नयथा पुनः ।
उतागश्चक्रुषं देवा देवा जीवयथा पुनः ॥
ऋ० १०।१३७।१।

ओं दैव्याय कर्मणे शुन्धध्वं देवयज्यायै ।
य० १।१३ ॥

भावार्थ—हे विद्वानो ! जो मनुष्य सत्य धर्म से गिर गए हैं उनको पुनः उठाओ और जिन्होंने पापकृत्य किया है अथवा जिनका जीवन अपवित्र होगया है उनको फिर से शुद्ध करके पवित्र जीवन दो । हे मनुष्यो ! तुम पतितों को देव कर्मों में प्रवृत्त करने के लिये शुद्ध करो ।

"शुद्धि" उसे कहते हैं कि जिन पुरातन आर्य-हिंदुओं में किसी भी समय भय और धोखे से तथा ज़र (धन) ज़न

(स्त्री) ज़मीन के लोभ–लालच रूपी माया जाल में फंसने से अथवा विधर्मियों के सतत दुस्संसर्ग से अनार्य-अहिंदुत्व (ईसाइपन या मुसलमानियत) आगया है और जिसे आर्य-हिंदू अशुद्धि स्वरूप समझते हैं। उस अशुद्धि अर्थात् अहिंदूपन (ईसाइपन या मुसलमानियत) को निकाल बाहर करना और उसके स्थान मे विशुद्ध आर्य--हिंदूपन जागृत करना "शुद्धि" है।

आर्य-हिंदू-धर्म आर्येतर को शुद्ध कर सक्ता है। चाहे वह नव मुस्लिम हों या जन्म के ईसाई हों अथवा जन्म के मुसलमान ही क्यों न हों।

आर्य-हिन्दु-धर्म की महिमा महान् है जिसे अभी तक भी बहुत से भोले भाले लोग नहीं समझ सके हैं। आर्येतर जितने सब के सब धर्म हैं प्रायः सम्प्रदायागत धर्म है। किन्तु आर्य-हिंदू-धर्म, आर्य जाति का धर्म तो है ही, साथ ही वह सर्व-मानव-जगत् का धर्म भी है। आर्य-धर्म की यह मुख्य शिक्षा है कि 'वास्तविक मानव-धर्म क्या वस्तु है। धर्म की वह परम्परा जो वैयक्तिक धर्म सेलेकर अखिल ब्रह्माण्ड धर्म में समाप्त होती है-आर्य-हिंदू धर्म के ही अन्तर्गत है। यह धर्म परम्परा आज आर्य जाति के खण्ड विखण्ड होजाने पर भी अधिकांश में उसके अन्दर विद्यमान है। इसीलिये आर्य-जाति को जन्म सिद्ध पूर्ण स्वत्व प्राप्त है कि–वह मनुष्य मात्र के आर्य-धर्म-हित विरोधी भावों को अर्थात् अनार्य अहिंदूपन की अशुद्धि को

दूर करके उनके हृदयों में आर्यत्व का गौरव जागृत करे। इसका स्पष्टार्थ यही है कि जो भी आर्येतर--धर्मावलम्बी मानव-धर्म, और विश्व-धर्म, की शिक्षा लेने के लिये आर्य-धर्म की शरण में आना चाहें आर्य जाति उन्हें शुद्ध करके अपने में विना किसी भेद भाव के शामिल करलें।

आरम्भिक-व्यवस्था

शुद्धि-संस्कार के लिये जिन२ बातों की आवश्यकता होती है उनको सबसे पहिले उद्धृत किया जाता है । शुद्धि-संस्कार कर्त्ता आचार्य को चाहिये कि शुद्धि-संस्कार प्रारम्भ करने से पहिले उसकी ठीक २ व्यवस्था करलें ।

शुद्धिप्रार्थना—पत्र

जिस आर्येतर व्यक्ति की शुद्धि करना अभीष्ट है उससे यथासम्भव सब से पहिले निम्नप्रकार लिखित प्रार्थना पत्र ले लेना चाहिये ।

ओ३म

श्रीमान्

भगवन् !

मैं अमुक नामा, अमुक का पुत्र, अमुक स्थान वासी, आर्य—हिंदू धर्मको सर्व श्रेष्ठ सत्य सनातन-धर्म समझता हूं और निर्दोष बुद्धि-युक्त, स्वेच्छा से, प्रसन्नता-पूर्वक विना किसी लोभ, लालच, भय या दबाव से स्वयं अथवा परिवार सहित शुद्ध होकर आर्य-हिंदू बनना चाहता हूं। इसलिये कृपा करके मेरा शुद्धि-संस्कार कराकर आर्य-हिंदू धर्म में दीक्षित कर दीजिये ।

तिथि | हस्ताक्षर-विनीत प्रार्थी

सम्वत् | ---------

उपवास

प्रार्थना-पत्र लिखने के अनन्तर शुद्ध होने वाला व्यक्ति जिस तिथि को शुद्ध होना निश्चय करे उससे पूर्व यथावश्यक १ से ६ तक उपवास करे और यदि निराहार उपवास करने में अशक्त हो तो दुग्धपान या हल्का फलाहार करके उपवास करे और जितने समय तक उपवास करने का निश्चय हो एकान्त स्थान में बैठकर प्रणव का जप या ईश्वर चिन्तन के अतिरिक्त कोई काम न करे तथा न किसी से अधिक वार्तालाप करे।

शुद्धि-शाला

जिस स्थानपर शुद्धि-संस्कार किया जावे उसे शुद्धि-शाला कहते हैं। शुद्धि-शाला देशकालानुसार निर्माण होनी चाहिए। यदि देश और काल सर्वथा अपने अनुकूल हैं, तो शुद्धि-शाला को विशेष रूप से अलंकृत करके सुरम्य बनाया जाय और यदि परिस्थिति अपने प्रतिकूल हो तो विशेष रीत्या शुद्धि-शालाबनानेकी आवश्यकता नहीं है। किन्तु जिस प्रकार भी हो सके शुद्धि कर लेना ही मुख्य है।

शुद्धि-संस्कार कर्त्ता

शुद्धि-संस्कार कराने वाला व्यक्ति यथा सम्भव विद्वान्, अपने कार्य में चतुर, सुशील, परोपकारी, दुर्व्यसन रहित प्रेमालापी. शुद्धि से सर्वथा क्रियात्मक सहानुभूति रखने वाला होनाचाहिये।

यज्ञ—पात्र

शुद्धि-संस्कार रूपी यज्ञ करने के लिये जिन पात्रों की आवश्यकता होती है उन्हें यज्ञ पात्र कहते हैं। शुद्धि-संस्कार करने के लिये स्रुचा, प्रोक्षणी पात्र, प्रणीता पात्र आज्य स्थाली आचमनी आदि यज्ञ-पात्रों की आवश्यकता विशेष तया पड़ती है। ये पात्र काष्ठ या ताम्बे के होते हैं।

यज्ञ--समिधा

हवन करने के लिये जिन लकड़ियों की आवश्यक्ता होती है उन्हें यज्ञ समिधा कहते हैं। जो लकड़ी जलते समय अधिक धुआं और दुर्गन्ध उत्पन्न न करे वही लकड़ी यज्ञ कर्म में उपयुक्त होती है। यथा पलाश (ढाक) पीपल, बड़, गूलर, आम, बिल्व, शमी (जंड) और बादाम आदि वृक्षों की समिधा प्रायः निर्धूम और सुगन्धित होती हैं इसलिये इन्हीं या इसी प्रकार के अन्य वृक्षों की समिधा यज्ञ के काम में बर्तनी चाहियें।

होम—द्रव्य

यज्ञ में आहुति देने के लिये जिन औषधियों की आवश्यक्ता होती है उनको 'होम द्रव्य' या यज्ञ-सामग्री कहते हैं। होम करने के लिये रोग नाशक पुष्टि-कारक, सुगन्धित और मिष्ट-चार प्रकार के पदार्थ लेने चाहियें। यथा—गिलोय, अडूसा, कण्टकारी, अपामार्ग, कन्दादि, (रोग नाशक) चावल, गेहूं, उड़द, तिल, जौ, फल, नारियल, घी, दूध,

आदि (पुष्टि कारक)। केशर, अगर, तगर, श्वेतचन्दन इलायची, जायफल, जवित्री, तुलसी, कपूर, कपूरकचरी, जटामासी, बालछड़, गूगल, कश्मीरीधूप, छाड़ छवीला, लवङ्ग, नागर मोथा, कस्तूरी आदि (सुगन्धित) गुड़, शक्कर, छुहारे, दाख आदि (मिष्ट) पदार्थ लेकर यज्ञ सामग्री तैयार करनी चाहिये।

यज्ञोपवीत

वैदिक कर्म काण्ड का अधिकारी बनने और सत्यभाषणादि व्रतों के पालनार्थ जिन त्रिसूत्रों को विधिवत् गले में डाला जाता है उसे यज्ञोपवीत या व्रतबन्धन अथवा जनेऊ कहते हैं। यज्ञोपवीत प्रायः प्रत्येक ब्राह्मण के घर में मिल सक्ता है यदि स्वयं न बना सकें तो वहां से ले लेना चाहिये।

मिष्टान्नादि

शुद्धि-संस्कार होने के अनन्तर उपस्थित जनता शुद्ध हुये भाई से क्रियात्मक सहानुभूति प्रकट करने के लिये उसके हाथसे मिष्टान्न और जल ग्रहण करे (रोटी-दाल-चावल का प्रबन्ध हो सके तो और भी उत्तम है) (इसलिये पेड़ा जलेबी, लड्डू मोहन भोग या इसी प्रकार का कोई अन्य मिष्टान्न पहिले से ही तैयार रक्खा जावे और शुद्धि संस्कार के पश्चात् उसे शुद्ध शुदा भाई के हाथ से उपस्थित जनता को बटवा दिया जावे)

क्रिया-आरम्भ

आवश्यक व्यवस्था हो जाने के पश्चात् जिस दिन से शुद्ध होने वाले प्रायश्चित्ती ने 'उपवास' व्रतधारण किया हो उस दिन प्रातःकाल (जिस समय उचित हो) सिर पर शिखा (चोटी) रखाकर डाढ़ी, मूछ और सम्पूर्ण सिर का मुण्डन कराए तथा हाथ पैरों के नाखून भी कटावे * तत्पश्चात् अच्छे प्रकार स्नान करके पुराने वस्त्रों को उतार (यदि नए उपलब्ध हो सकते हों तोवेअन्यथा पुराने कपड़ों को ही साबुन आदि से साफ कर रखना चाहिए) नये शुद्ध वस्त्रों को धारण करके 'शुद्धि-शाला' (जहां शुद्धि-संस्कार करने का निश्चय किया हुआ हो) में जा उपस्थित जन-समूह को नम्रता से हाथ जोड़कर प्रणाम करे।

नोट स्त्रियों की शुद्धि करने के लिए उनके मुन्डन की आवश्यकता नहीं है शेष विधि उनसे भी यथा सम्भव करानी चाहिए। *

यदि शुध्यर्थी अधिक संख्या में हों या एक २ और दो या इससे भी अधिक ग्रामों के मनुष्य एक साथ शुद्ध होना

---

* कुक्षीगुह्यशिरः श्मश्रु भ्रूलोम परिकृन्तनम्।
प्राहृत्य परिपादानां नख लोमततः शुचि। देवल० ४१॥

अर्थ—बग़ल, गुह्यस्थान, सिर, डाढ़ी, मूछ, भौं, आदि के सम्पूर्ण बाल मुडाना और हाथ पैर के नाखून कटवा कर शुद्धि करे।

चाहें तो देशकालानुसार यथोचित व्यवस्था करलेनी चाहिए। †

प्रश्नोत्तर

तत्पश्चात् शुद्धि-संस्कार कर्त्ता आचार्य शुद्ध होने वाले व्यक्ति को पश्चिम दिशा में पूर्वाभिमुख बैठने के लिये आदेश करे। पुनः उसके भले प्रकार बैठ जाने पर आचार्य शुद्ध होने वाले से पूछे—

किमर्थमत्राऽ गतोसि भोः

आप किस लिए यहां पधारे हैं। ऐसा पूछने पर शुद्ध होने वाला व्यक्ति उत्तर दे—

अमुक* नामाहं शुद्ध्यर्थमागतोऽस्मि भगवन्.

श्रीमान् जी ! मैं शुद्धहोने के लिये आया हूं कृपा करके मुझे शुद्ध कीजिए।

---

† देश काल वयः शक्ति पापं चावेक्ष्य यत्नतः।
प्रायश्चित्तं प्रकल्प्यं स्याद्यत्र चोक्ता न निष्कृतिः॥
वा० स्मृ० ३।२८४।

अर्थ— देश, काल, आयु, शक्ति और शुद्ध होने वाले के पाप को देखकर स्थिति के अनुसार यथोचित शुद्धि-संस्कार की व्यवस्था कर लेनी चाहिए।

* अमुक नामा के स्थान पर शुद्ध होने वाला अपना नाम उच्चारण करे।

उपरोक्त प्रकार प्रश्नोत्तर होने के अनन्तर अपना पूरा २ नाम, अपने पिता का नाम, अपनी जाति का नाम, अपने व्यवसाय का नाम, अपने ग्राम, डाकखाना और ज़िले का नाम तथा अपने शुद्ध होने के कारण को स्पष्ट शब्दों में निस्संकोच होकर वर्णन करे।

शुद्धि—स्वीकृति

तत्पश्चात् शुद्धि-संस्कार कर्ता आचार्य उपस्थित जन समूह के समक्ष शुद्ध होने वाले महाशय के प्रार्थना पत्र को उच्च स्वर से पढ़कर सुनावे और उनसे पूछे-क्या इस व्यक्ति को शुद्ध किया जावे? उपस्थित् जनता की ओर से यह उत्तर मिलने पर कि 'हां, इनको शुद्ध किया जावे' तो-आचार्य नीचे लिखे मंत्रों को उच्चारण कराके शुद्धि प्रार्थी से देव प्रार्थना करावे। *

---

* शुद्धि समारोह की विद्धि अनुकूल परिस्थिति के होने पर ही की जानी चाहिये। परन्तु जहां पर स्थिति अनुकूल न हो और देश-काल भी प्रतिकूल हो-तो वहां वाह्य व्यापार को शिथिल करके गायत्री मंत्र से, या गंगास्नान से, या ओंकार ध्वनि प्रकाशक शङ्ख ध्वनि से अथवा 'ओ३म्' ऐसा कहलाने मात्र से या आचमन कराने मात्र से शुद्धि कर देनी चाहिये। क्योंकि—

आपत्कालेतु सम्प्राप्ते शौचाचारं न चिन्तयेत्।
शुद्धि समुद्धरेत्पश्चात् स्वस्थोधर्म समाचरेत्॥
पाराशर स्मृति ७-४३॥

१. ओं त्वंनः पाह्यंहसो जातवेदो अघायतः।
रक्षाणो ब्रह्मणस्कवे ॥ ऋ० ६।१६।३०

२. ओं पुनन्तु मा देव जनाः पुनन्तु मनसा धियः।
पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा॥
य० १६।३६ ॥

३. ओं पवित्रेण पुनीहि मा शुक्रेण देव दीद्यत्।
अग्ने क्रत्वा क्रतु ँ रनु ॥ १६।४० ॥

४. ओं यत्ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा।
ब्रह्मतेन पुनातु मा। य० १६।४१ ॥

५. ओं पवमानः मां अद्य नः पवित्रेण विचर्षणिः
यः पोतः स पुनातु नः ॥ य० १६।४२ ॥

६. ओं यदविद्वांसो यदविद्वांस एनासिश्च-
कृमा वयम। यूयं नस्तस्मान्मुञ्चत विश्वेदेवाः
सजोषसः ॥ अथर्व० ६।११५।१ ॥

अर्थ—आपत्ति काल में शौचाशौच (यज्ञहवनादि) का विशेष विचार न करके शुद्धि करलेना ही मुख्य है। पश्चात् स्थिति अनुकूल होनेपर शुद्धि-समारोह अच्छी तरह से करें।

७.ओं यच्चक्षुषा मनसा यच्च वाचो परिम जाग्रतो यत् स्वपन्तः । सोम स्तानि स्वधया नः पुनातु ॥ अथर्व० ६ । १० । ९६ ॥

अर्थ १—हे ज्ञान स्वामिन ! पाप करने वाले (मुझ) पापी और पाप इन दोनो से बचाओ और हमारी रक्षा करो ।

२—सभी देवजन मुझे शुद्ध करें, सच्चे हृदय और सत्य बुद्धि से मुझे पवित्र करें । संसार के सभी प्राणी मुझे शुद्ध करें । और हे विद्वानों आप भी मुझे शुद्ध करें ।

३—हे प्रकाशशील स्वामिन् ! अपने शुद्ध प्रकाश से आप मुझे पवित्र करें और मुझे ज्ञान के अनुसार शुभ कर्म करने का सामर्थ्य भी प्रदान करें ।

४—हे अग्ने ! आपका जो प्रकाश अग्नि में दिखाई देता है उसी पवित्र प्रकाश से हे परमेश्वर, मुझे पवित्र कीजिये ।

५—पवित्र करने वाला भगवान् मुझको शुद्ध पवित्र करे जिस पवित्रता और शुद्धि रूपी जहाज़ के द्वारा वह पापों से पार करता है उसी से हमें भी पाप सागर से पार करे ।

६—हे परमात्मन् ! जान बूझकर अथवा बिना जाने हमने जो पाप किये हैं आपकी कृपा से सब विद्वान् लोग हमें इन पापों से बचावें और शुद्ध करें ।

७—जो भी पाप हमने मनसे, बुद्धि से अथवा नेत्रों से जागते या सोते हुए भी किया हो --हमारे उन सभी पापों को परमात्मा अपनी धारणा शक्ति से पवित्र करें--शुद्ध करें ।

आचमन

देव प्रार्थना होने के पश्चात् संस्कार कर्ता आचार्य स्वयं नीचे लिखे तीन मन्त्रों से दक्षिण हाथ में जल लेकर आचमन करे।

१. ओं अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा ॥

इस से एक आचमन।

२. ओं अमृतापिधानमसि स्वाहा ॥

इससे दूसरा आचमन।

३. ओं सत्य यशः श्रीर्मयि श्री श्रयतां स्वाहा ॥

इससे तीसरा आचमन ॥ तै० प्र० १० अनु-३२-३५ ॥

पुनाः शुद्धि होने वाला व्यक्ति निम्न मंत्र से तीन आचमन करे।

ओं या आपो याश्च देवता या विराड् ब्रह्मणा सह शरीरे ब्रह्म प्राविशच्छरीरेऽधि प्रजा पतिः। अथ० ११। ८। १०। ३० ॥

अङ्ग--स्पर्श

आचमन के पश्चात् शुद्धि-प्रार्थी अपने बायें हाथ में जल ले कर दाहिने हाथ से जल के छींटे (कुशा द्वारा या जिस प्रकार सुभिता हो) देता हुआ निम्न लिखित मंत्रों से अङ्गों का सस्पर्श वा मार्जन करे।

१- ओं वाङ्ग म आग्येऽस्तु ॥ इस मंत्र से मुख।

२- ओं नसोर्मे प्राणोऽरतु ॥ इससे नासिकाके दोनों छिद्र।

३- ओं अक्षणोर्मे चक्षुरस्तु ॥ इससे दोनों नेत्र॥

४- ओं कर्णयोर्मे चक्षुरस्तु॥ इससे दोनों कान॥

५- ओ वाह्वोर्मे बलमस्तु ॥ इससे दोनों भुजायें।

६- ओं ऊर्वोर्म ओजोऽस्तु ॥ इससे दोनों जघांयें।

